कार्यालय प्रधान मुख्य वनसंरक्षक

सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/निस/ 375 भोपाल,दिनांक 10.4.2000

प्रति,

समस्त वन संरक्षक,
मध्य प्रदश ।

विषय:-सीमा मुनारे का निर्माण ।

****

उपरोक्त विषय में इस कार्यालय के ज्ञाप क्रमांक/निस/70 दिनांक 29-1-2000 देखें ।

विगत वित्तीय वर्ष 1999-2000 हेतु सीमा मुनारे निर्माण मद में आवंटित 4 करोड़ की राशि का उपयोग करने की दृष्टि से मुनारा निर्माण कार्य मार्च में करने हेतु लेख किया गया था।

अब नये वित्तीय वर्ष में इस मद में 7 करोड़ की राशि उपलव्ध करायी जा रही है जिसका विवरण आपको इस कार्यालय व्दारा अलग से भेजा जा रहा है ।

चूँकि गर्मी में मुनारा निर्माण कार्य कठिन होगा और पानी की कमी के कारण इसमें व्यय बहुत अधिक आयेगा अत: अब मुनारा निर्माण कार्य बरसात में ही कराया जायं ताकि बरसात में सरलता से कम राशि में अच्छा मुनारा निर्माण कार्य हो सके । आप अपने क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुसार इस हेतु पत्थर परिवहन बरसात के पूर्व करा सकते है।

निर्माण कार्य या तो इस कार्यालय व्दारा निर्धारित दर पर कराया जायं और यदि कही दर अधिक आने की संभावना हो तो जैसा कि वन संरक्षक सम्मेलन में तय किया गया था आप स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार दर निर्धारण कर उसका पूर्ण विवरण इस कार्यालय का भेज दें ताकि उसका अनुमोदन किया जा सके ।

10/4

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
म0प्र0भोपाल